हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 1 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.7 डिग्री
न्यूनतम 16.5 डिग्री

11 सरदार पटेल स्वतंत्र भारत के एकीकरण के थे ...



12 शहर की हवा और हुई जहरीली एक्यूआई ...








जिराफ़ की जीभ इतनी लंबी होती है कि इससे वे अपने कान साफ कर सकते हैं।



एक नवजात कंगारू केवल मूंगफली के आकार का होता है।



# बॉम्बे आर्ट कोर्स में कैसे बनाएं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

कला संस्कृति हमारे भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, जो सदियों से चला आ रहा है। वर्तमान समय में भी बड़े पैमाने पर कला संस्कृति को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। भारत के कोने कोने में बड़े पैमाने पर विभिन्न प्रकार के शिक्षण संस्थान है जो कला से संबंधित पाठ्यक्रम का ज्ञान देते हैं तथा विभिन्न प्रकार की डिग्री प्रदान करते हैं जिसके आधार पर विद्यार्थी कला से संबंधित कार्य करते हैं और लोगों को जागरूक करते हैं अथवा कला से संबंधित अध्यापक बनते हैं। अगर आप का भी सपना कला विषय से संबंधित अध्यापक बनना है तो आप भी मुंबई आर्ट्स का कोर्स कर सकते हैं।

## बन रहा युवाओं की पसंद

आज के समय में कला संस्कृति का रंग रूप थोड़ा बदल चुका है, जिससे सदियों से चली आ रही कला संस्कृति के साथ-साथ वर्तमान कला संस्कृति और अत्याधुनिक तकनीकी वाली कला संस्कृति के मिश्रण की वजह से आज के समय में हमें कला के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के नए-नए रंग रूप देखने को मिलते हैं। यही वजह है कि आज के समय में अधिकांश युवा कला के क्षेत्र में अपना करियर जोड़ना चाहते हैं। अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प ढूंढ रहे हैं। कला के क्षेत्र में आगे बढ़ कर आप तरह-तरह के कला से संबंधित कलात्मक कार्य कर सकते हैं अथवा आर्ट्स के संबंध में अध्यापक बन सकते हैं। ऐसा अब तक लाखों युवा कर चुके हैं और लाखों युवा कर भी रहे हैं। अगर आपके अंदर कोई भी हुनर है तो आप उस आधार पर कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। उससे संबंधित कोर्स करके डिग्री हासिल कर सकते हैं और अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प चुन सकते हैं। बता दें कि आज के समय में विभिन्न प्रकार के विषय कला क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं ऐसी स्थिति में आपके अंदर हर किसी छोटे बड़े हुनर या कलात्मक कार्य का अनुभव आपको बेहतरीन बना सकता है। कटनी में भारत में बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले कला पर आधारित आयोजन एवं दर्शनी मुखिया रूप से दिखाई देते हैं। इसके अलावा कला से संबंधित विभिन्न प्रकार के पद भी आज के समय में हमें देखने को मिलते हैं तो आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

## यह कोर्स कैसे करें

बॉम्बे आर्ट एक सर्टिफिकेट कोर्स है जो कला के क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को कराया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद विद्यार्थी कला के क्षेत्र में शिक्षक बन सकता है इसके लिए उन्हें बीएड डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। बिना बीएड डिग्री के भी मुंबई आर्ट कोर्स करने के बाद किसी भी शिक्षण संस्थान और स्कूल में पढ़ा सकता है और इसके लिए कोई दूसरी डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। इस बात से आप मुंबई आर्ट कोर्स की महत्वता समझ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट एक शिक्षण संस्थान है जो बॉम्बे आर्ट सर्टिफिकेट डिप्लोमा की डिग्री प्रदान करवाता है। महाराष्ट्र सरकार ने सबसे पहले भारत में मुंबई में इसकी शुरुआत की थी इस शिक्षण संस्थान का उद्देश्य विलुप्त हो रहे कला संस्कृति को फिर से उजागर करना और नए रूप में लोगों के समक्ष प्रस्तुत करना है। वर्तमान समय में बॉम्बे आर्ट पब्लिक ऑग्रेनाइजेश है जो पूरे भारत में फैला हुआ है तथा कोई भी संस्थान इसकी फ्रेचाइज ले सकता है। इस शिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य कलात्मक शिक्षा का प्रचार करना है। इससे बिजनेस भी किया जाता है और तरह-तरह के पद भी उत्पन्न होते हैं। आज के समय में जहां हमें प्रत्येक सरकारी नौकरी के लिए बहुत बड़े कंपीटिशन से गुजरना होता है।

## क्या चाहिए जरूरी योग्यता

किसी भी कोर्स को करने के लिए या उस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उससे संबंधित योग्यता का होना अति आवश्यक है। इसीलिए अगर आप बॉम्बे आर्ट के तहत आर्ट क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं, तो आपके पास इससे संबंधित कुछ योग्यताएं अथवा पत्रता होनी चाहिए जिसके आधार पर आप इस क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। यह इस बात को भी प्रमाणित कर देगा कि इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आपके पास क्या है और क्या आप वास्तव में इस क्षेत्र में कुछ कर पाएंगे या नहीं। बॉम्बे आर्ट के लिए निर्धारित की गई योग्यताएं निम्नलिखित है।

- इस कोर्स को करने के लिए कम से कम 12 वीं पास होना आवश्यक है।
- विद्यार्थी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा पास करके इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है।
- बारहवीं कक्षा आर्ट्स सब्जेक्ट से पास की हुई है तो बेहतर रहेगा।
- इस कोर्स को करने के लिए विद्यार्थी के मन में कला विषय से संबंधित रुचि होनी चाहिए।
- किसी भी प्रकार का कला से संबंधित हुनर के आधार पर इस कोर्स को कर सकते हैं।
- कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने वालों को बॉम्बे आर्ट कोर्स अवश्य करना चाहिए।

**ऐसे करें कोर्स :** कला के क्षेत्र से संबंध रखने वाला बॉम्बे आर्ट कोर्स वर्तमान समय में काफी लोकप्रिय हो रहा है। इस कोर्स को करने के लिए आपके पास कुछ योग्यता और पात्रता होने चाहिए इसके अलावा कुछ जरूरी दस्तावेजों के आधार पर आप आसानी से कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट कोर्स करने के लिए आपको सबसे महत्वपूर्ण इस बात पर ध्यान देना होगा कि आपके अंदर कौन सा हुनर हैं। आप कला के क्षेत्र से संबंधित कौन सा कार्य करना जानते हैं या आपका किस कार्य में मन लगता है। उस आधार पर ही आपको इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। अगर आप पहले से ही बॉम्बे आर्ट कोर्स करना चाहते हैं तो सबसे पहले कला वर्ग से 12वीं कक्षा 50% अंकों के साथ पास करें किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा कला वर्ग से पास करने के बाद आप महाराष्ट्र में मुंबई स्थित बॉम्बे आर्ट शिक्षण संस्थान अथवा इसकी फ्रेंचाइज के तहत बॉम्बे आर्ट कोर्स कर सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि संपूर्ण भारत में सबसे पहले महाराष्ट्र सरकार ने ही शिक्षण संस्थान की शुरुआत की लेकिन हाल फिलहाल में उत्तर प्रदेश सरकार ने भी इसी तरह के एक शिक्षण संस्थान की शुरुआत की है जो इसी तरह आर्ट्स की डिग्री उपलब्ध कराती है, जिससे बिना बीएड की डिग्री के विद्यार्थी कला विषय से संबंधित अध्यापक बन सकते हैं।

---

### कानून, न्यायपालिका और कानूनी प्रक्रियाओं की देता है समझ

# एल.एल.बी. : कानूनी और सरकारी जगत में कामयाबी के सुनहरे मौके

**डॉ मोहित बंसल**
(करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर)



### न्यायप्रियता, निर्णय क्षमता कर रहा विकसित

बैचलर ऑफ लॉ (एल.एल.बी.) एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को कानून, न्यायपालिका और कानूनी प्रक्रियाओं की गहन समझ प्रदान करता है। इस कोर्स के दौरान विद्यार्थियों को संविधान, दंड संहिता, सिविल लॉ, कॉर्पोरेट लॉ, अंतर्राष्ट्रीय कानून, न्यायिक प्रक्रिया और विधिक लेखन जैसे महत्वपूर्ण विषय पढ़ाए जाते हैं। एल.एल.बी. का उद्देश्य सिर्फ कानूनी नियमों और सिद्धांतों को पढ़ाना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में न्यायप्रियता, तार्किक सोच, निर्णय क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी को भी विकसित करना है। नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी. 2020) के अनुसार विद्यार्थी एल.एल.बी. को तीन वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या पांच वर्षों के इंटिग्रेटेड कोर्स (बीऐ एलएलबी, बीबीए एलएलबी) के रूप में भी पूरा कर सकते हैं। एल.एल.बी. (ऑनर्स) कार्यक्रम में विद्यार्थी किसी विशेष क्षेत्र जैसे कॉर्पोरेट लॉ, क्रिमिनल लॉ, या मानवाधिकार कानून में विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं, जिससे वे अत्यधिक प्रतिस्पर्धी कानूनी क्षेत्रों में सफल करियर बना सकते हैं। एल.एल.बी. के अंतर्गत विभिन्न विशेषज्ञताएं उपलब्ध हैं, जो छात्रों को कानून के अलग-अलग क्षेत्रों में दक्ष बनाती हैं। इनमें कॉर्पोरेट कानून, क्रिमिनल लॉ, मानवाधिकार कानून, पर्यावरण कानून, अंतर्राष्ट्रीय कानून, सिविल और संवैधानिक कानून जैसी महत्वपूर्ण शाखाएं शामिल हैं। यह विशेषज्ञताएं विद्यार्थियों को उनके रुचि और कैरियर लक्ष्यों के अनुसार कानूनी क्षेत्र में गहन ज्ञान और व्यावहारिक समझ प्रदान करती हैं।



## उच्च शिक्षा और आगे के अवसर

एल.एल.बी. स्नातक यदि अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाना चाहें तो उनके लिए कई विकल्प उपलब्ध हैं। उच्च शिक्षा से न केवल कानूनी ज्ञान और विशेषज्ञता बढ़ती है, बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर करियर के अवसर भी व्यापक हो जाते हैं। विद्यार्थियों के लिए मास्टर ऑफ लॉ (एलएलएम, एमबीए), और विभिन्न पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स जैसे विकल्प उपलब्ध हैं। इसके अलावा विशेष सर्टिफिकेशन कोर्स जैसे कॉर्पोरेट कंप्लायंस, साइबर लॉ, अंतर्राष्ट्रीय कानून और मानवाधिकार कानून भी छात्रों को उद्योग-उपयुक्त कौशल प्रदान करते हैं।

## सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

सरकारी क्षेत्र में एल.एल.बी. स्नातकों के लिए सम्मानजनक और स्थायी अवसर उपलब्ध हैं। सरकारी विभागों, न्यायालयों, बैंकिंग और रक्षा संगठनों में कानूनी पेशेवरों की मांग हमेशा रहती है। एल.एल.बी. स्नातक यहाँ न्यायिक, प्रशासनिक और कानूनी मामलों में भूमिका निभाते हैं। सरकारी क्षेत्र में करियर चुनने वाले विद्यार्थियों को कानून और प्रशासन के संयुक्त अनुभव के साथ स्थिर वेतन, पदोन्नति के अवसर और राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलती है।

### यहां मिलेगा स्कोप

1. न्यायिक व प्रशासनिक सेवाएं
   - जुडिशियल मैजिस्ट्रेट
   - लेखा परीक्षा अधिकारी
   - स्टेट/सेंट्रल गवर्नमेंट कानूनी पद
2. बैंकिंग और वित्तीय संस्थान
   - लीगल ऑफिसर
   - क्लर्कियल/ऑफिसर पद
3. रक्षा और अनुसंधान संगठन
   - जुडिशियल काउंसल
   - क्लाइंट एडवाइजर
4. शिक्षा और विश्वविद्यालय
   - कानून शिक्षक (स्कूल/कॉलेज)
   - असिस्टेंट प्रोफेसर
   - रीसर्च असिस्टेंट

**आय या वेतन :** सरकारी क्षेत्र में एल.एल.बी. स्नातक की प्रारंभिक आय लगभग 4 से 8 लाख वार्षिक होती है, जबकि उच्च पदों और अनुभव के साथ यह आय 12 से 20 लाख वार्षिक तक पहुंच सकती है।

### केवल वकालत तक सीमित नहीं

एल.एल.बी. छात्रों के लिए करियर की राहें केवल वकालत तक सीमित नहीं रहतीं। निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में उनके लिए सुनहरे भविष्य के द्वार खुले हैं। सही कौशल, उच्च शिक्षा और अनुभव के साथ वे देश और विदेश, दोनों जगह उत्कृष्ट अवसर प्राप्त कर सकते हैं।
**सुझाव:** किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह जरूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com** पर भी विजिट कर सकते हैं।

## आवश्यक कौशल

एल.एल.बी. स्नातकों के लिए केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है। कानूनी पेशे में सफल होने के लिए विद्यार्थियों में विश्लेषणात्मक सोच, तार्किक तर्क, प्रभावशाली संवाद और मजबूत अनुसंधान क्षमता जैसी विशेष क्षमताएँ होना आवश्यक है। इसके अलावा विद्यार्थियों को अदालत में प्रभावी प्रस्तुति, केस स्टडी विश्लेषण, विवाद समाधान, मध्यस्थता कौशल और टीमवर्क की समझ भी विकसित करनी होती है। इन कौशलों से छात्र न केवल पेशेवर रूप से सक्षम बनते हैं, बल्कि विभिन्न कानूनी और प्रशासनिक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर और सम्मानजनक करियर स्थापित कर सकते हैं।

## निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

एल.एल.बी. स्नातकों के लिए निजी क्षेत्र में विभिन्न उद्योगों और संगठनों में कानूनी विशेषज्ञता की भारी मांग है। डिजिटल व ग्लोबल युग में कॉर्पोरेट कंपनियां, स्टार्टअप्स, बैंकिंग, वित्तीय संस्थान और कंसल्टिंग फर्में योग्य कानूनी पेशेवरों की तलाश में रहती हैं। एल.एल.बी. स्नातक इन संगठनों में कॉर्पोरेट कानून, अनुबंध प्रबंधन, कानूनी अनुपालन और विवाद समाधान जैसी भूमिकाओं में कार्य कर सकते हैं। निजी क्षेत्र में करियर चुनने वाले विद्यार्थियों को विविध परियोजनाओं, कानूनी सलाह, केस मैनेजमेंट और क्लाइंट काउंसलिंग में गहन अनुभव प्राप्त होता है।

## यहां स्कोप

1. कानूनी फर्म्स और एडवोकेसी
   - लीगल एडवोकेट
   - क्लाइंट काउंसलर
   - क्लासिफिकेशन और केस मैनेजर
2. कॉर्पोरेट सेक्टर
   - कंपनी सेक्रेटरी
   - कॉर्पोरेट लीगल काउंसल
   - कॉन्ट्रैक्ट मैनेजर
   - कम्प्लायंस ऑफिसर
3. बैंकिंग और वित्तीय संस्थान
   - लीगल ऑफिसर
   - क्लाइंट डिस्प्यूट मैनेजर
   - कॉन्ट्रैक्ट और रेगुलेटरी काउंसल
4. स्टार्टअप्स और कंसल्टिंग फर्म्स
   - लीगल कंसल्टेंट
   - प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर (लीगल डिपार्टमेंट)
   - कॉर्पोरेट पॉलिसी कंसलटेंट

**आय या वेतन :** एल.एल.बी. स्नातकों की निजी क्षेत्र में प्रारंभिक आय लगभग 3 से 6 लाख वार्षिक होती है, जबकि अनुभव और विशेषज्ञता के साथ यह आय 10 से 25 लाख वार्षिक तक पहुंच सकती है।

## उच्च शिक्षा कार्यक्रम

- मास्टर ऑफ लॉ (एलएलएम)
- मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) – लॉ/मैनेजमेंट
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कॉर्पोरेट लॉ, अंतर्राष्ट्रीय कानून या मानवाधिकार
विशेष सर्टिफिकेशन कोर्स
- आईसीएलआईसीसी/न्यायिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा कानूनी सर्टिफिकेट
- डाटा प्रोटेक्शन और साइबर लॉ सर्टिफिकेशन
- कॉर्पोरेट कंप्लायंस और कॉन्ट्रैक्ट मैनेजमेंट सर्टिफिकेशन

**ये सर्टिफिकेशन विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता और कानूनी विशेषज्ञता प्रदान करते हैं और उन्हें राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च वेतन वाली नौकरियों के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाते हैं और भविष्य चमकाते हैं।**

---

# सही और गलत की सीख, पर्यावरण की रक्षा और आत्मविश्वास की प्रेरणा



**मोटिवेशनल**
**डॉ. दिव्या तंवर**

भारत का सबसे बड़ा और सबसे प्यारा त्योहारों में शामिल दीपावली का पर्व गए एक सप्ताह से ऊपर हो चुका है। छात्रों के लिए यह पर्व प्रेरणा लेने का त्योहार है। यह न केवल रोशनी और खुशी का प्रतीक है, बल्कि हमें सही और गलत के बीच अंतर, पर्यावरण की रक्षा, और आत्मविश्वास के साथ अपने भाग्य को संवारने की प्रेरणा भी देता है। यह लेख विशेष रूप से छात्रों के लिए है, ताकि वे समझ सकें कि यह त्योहार हमें क्या सिखाता है और हम इसे कैसे जिम्मेदारी से मना सकते हैं,ये सबक छात्रों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ये उन्हें जीवन में सही दिशा चुनने और एक जिम्मेदार इंसान बनने की प्रेरणा देते हैं। नीचे कुछ प्रमुख नैतिक सबक दिए गए हैं, जो दिवाली की कहानियों और परंपराओं से मिलते हैं।

## सत्य और धैर्य की जीत

**सबक:** भगवान राम की कहानी हमें सिखाती है कि सत्य और धैर्य हमेशा विजयी होता है। रावण जैसे शक्तिशाली राक्षस के सामने भी राम ने धैर्य, नैतिकता का रास्ता नहीं छोड़ा।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** पढ़ाई या जीवन में कठिनाइयों का सामना करते समय धैर्य रखें। मेहनत और ईमानदारी से किया गया कार्य हमेशा फल देता है। हर मुश्किल स्थिति में भी सत्य और धैर्य का साथ नहीं छोड़ेंगे।

### सामुदायिक एकता और भाईचारा

**सबक:** दिवाली हमें परिवार, दोस्तों और समाज के साथ मिलकर उत्सव मनाने की सीख देती है। यह त्योहार लोगों को एक-दूसरे के करीब लाता है और आपसी प्रेम व सहयोग को बढ़ावा देता है।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** स्कूल या कॉलेज में सहपाठियों के साथ सहयोग करें। एक-दूसरे की मदद करने से न केवल रिश्ते मजबूत होते हैं, सामूहिक लक्ष्य भी आसानी से प्राप्त होते हैं।
**संकल्प:** हम अपने दोस्तों और समाज के साथ मिलकर काम करेंगे और एकता को बढ़ावा देंगे।

### विनम्रता और कृतज्ञता

**सबक:** माता लक्ष्मी की पूजा हमें सिखाती है कि धन और समृद्धि के साथ-साथ विनम्रता और कृतज्ञता भी जरूरी है। धन का उपयोग दूसरों की भलाई के लिए करना चाहिए।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** अपनी उपलब्धियों पर गर्व करें, लेकिन कभी घमंड न करें। जो कुछ आपके पास है, जैसे परिवार, शिक्षक, और अवसर, उनके प्रति आभार व्यक्त करें।
**संकल्प:** हम अपने जीवन में मिले अवसरों और संसाधनों के लिए कृतज्ञ रहेंगे और दूसरों की मदद करेंगे।

## आत्म-नियंत्रण और संयम

**सबक:** रावण की कहानी हमें बताती है कि अहंकार, लालच, और अनियंत्रित इच्छाएँ विनाश का कारण बनती हैं। दूसरी ओर, राम और लक्ष्मण ने आत्म-नियंत्रण का उदाहरण प्रस्तुत किया।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने, समय का सही उपयोग करने, और अनावश्यक खर्चों से बचने के लिए आत्म-नियंत्रण जरूरी है।
**संकल्प:** हम अपनी इच्छाओं और भावनाओं पर नियंत्रण रखेंगे और संयम के साथ निर्णय लेंगे।

### क्षमा और नई शुरुआत

**सबक:** दिवाली नई शुरुआत का प्रतीक है। यह समय है पुरानी गलतियों को भूलकर, दूसरों को माफ करने और नए लक्ष्य निर्धारित करने का।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** अगर आपने कोई गलती की है, जैसे पढ़ाई में कम मेहनत करना या किसी से झगड़ा करना, तो उसे स्वीकार करें, माफी मांगें, और सुधार की दिशा में कदम बढ़ाएँ।
**संकल्प:** हम अपनी गलतियों से सीखेंगे, दूसरों को माफ करेंगे, और हर दिन बेहतर बनने की कोशिश करेंगे।

### प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी

**सबक:** दिवाली की रोशनी प्रकृति की सुंदरता को दर्शाती है, लेकिन आतिशबाजी और कचरे से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। यह हमें प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी याद दिलाता है।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** पर्यावरण को बचाने के लिए छोटे-छोटे कदम उठाएँ, जैसे मिट्टी के दीये जलाना, पेड़ लगाना, या प्लास्टिक का उपयोग कम करना।
**संकल्प:** हम पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने के लिए जिम्मेदारी से काम करेंगे।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** Ra † † (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** K * में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या **Z** है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या **M** है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) **M+Z** (बी) **M-Z**
(सी) **M x Z** (डी) **M/Z**

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## खबर संक्षेप



### एमडीयू की टीम ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में होगी शामिल

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की पुरुष एवं महिला फेंसिंग टीम ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में भाग लेगी, जो गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर में 2 से 10 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर एमडीयू की खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने टीम के सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की टीम उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन करेगी। उन्होंने खिलाड़ियों से पूर्ण समर्पण, अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का आह्वान किया।

### पीटीसी सुनारिया में एकता दिवस मनाया

**रोहतक।** गांव सुनारिया स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पीटीसी सुनारिया के एसपी ध्यान सिंह के आदेशानुसार किया गया। कार्यक्रम का संचालन डीएसपी कुलबीर सिंह के नेतृत्व में किया गया।सरदार वल्लभभाई पटेल को जयंती पर किया नमन।

## 565 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत को सशक्त राष्ट्र बनाया: ग्रोवर

# सरदार पटेल स्वतंत्र भारत के एकीकरण के थे शिल्पकार: विधायक कृष्णा

- **जिला स्तरीय रन फॉर यूनिटी में मिलकर दौड़ा पूरा शहर**
- **लोगों को राष्ट्र एकता और अखंड़ता की दिलवाई शपथ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राई की विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की एकता व अखंडता को साकार रूप देने के लिए 565 रियासतों को एक सूत्र में पिरो कर भारत को सशक्त राष्ट्र बनाया। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपनी अद्भुत नेतृत्व क्षमता, दृढ़ इच्छा शक्ति और कुशल कूटनीति से सभी रियासतों को भारतीय संघ का हिस्सा बनाया। विधायक कृष्णा गहलावत सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर सुभाष चौक पर आयोजित जिला स्तरीय रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में एकता दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना करने से पूर्व उपस्थितगण को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रही थी। एकता दौड़ में हजारों प्रतिभागियों ने शहरवासियों को देश की एकता व अखंडता को मजबूत करने का संदेश दिया। विधायक कृष्णा गहलावत ने पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा, महापौर राम अवतार वाल्मीकि, उपायुक्त सचिन गुप्ता, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, पूर्व महापौर मनमोहन गोयल, भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, जाट शिक्षण संस्था के पूर्व अध्यक्ष राज सिंह नांदल, राजेश जैन, राजकुमार शर्मा, अनीता बुधवार के साथ रन फॉर यूनिटी में भाग लिया।

> विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल न केवल एक कुशल प्रशासक थे, बल्कि एक जन नेता भी थे। उन्हें लौह पुरुष तथा स्वतंत्र भारत के एकीकरण के शिल्पकार के रूप में भी जाना जाता है।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते राई की विधायक कृष्णा गहलावत।



**रोहतक।** एकता दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना करते राई की विधायक कृष्णा गहलावत। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर के एसडीएम आशीष कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनजीत कुमार, आरटीए सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल, नगराधीश अंकित कुमार, सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, ईश्वर सिंघल, विकास बंसल, अशोक वर्मा, राजेंद्र रावत, मनोज कुमार, डॉ. आरके चौधरी, अर्जुन नरूला, अरूण नरूला, ताशी अग्रवाल, डॉ. निताशा दलाल, डॉ. सुहास कीर्ति, डॉ. शैलेंद्र गोयल, डॉ. चारू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्र को एकजुट करने में सरदार पटेल की अहम भूमिका

मनीष कुमार ग्रोवर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि राष्ट्र को एकजुट करने में सरदार वल्लभ भाई पटेल का अमूल्य योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस समाज में एकता के बंधन को और मजबूत बनाने का आह्वान करता है। कार्यक्रम के प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई गई। एलपीएस बोसार्ड के प्रबंध निदेशक राजेश जैन ने कार्यक्रम में महिलाओं के ब्रैस्ट कैंसर को लेकर चलाई जा रही निशुल्क मैमोग्राफी बस के बारे में जानकारी दी। डॉ. निताशा दलाल ने कहा कि जागरूकता से ही महिलाओं को ब्रैस्ट कैंसर से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि निर्धारित उम्र के बाद प्रत्येक महिला को मैमोग्राफी करवानी चाहिए। मुख्यातिथि कृष्णा गहलावत व अन्य मेहमानों ने ब्रैस्ट कैंसर जागरूकता अभियान के अंतर्गत चलाई जा रही निशुल्क मैमोग्राफी बस का अवलोकन भी किया और इस प्रयास की सराहना भी की। उन्होंने भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विजन 2047 की दिशा में आगे बढ़ रहा है तथा देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। कृष्णा गहलावत ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश तेजी से डिजिटल, पारदर्शी एवं आत्मनिर्भर राज्य बनने की दिशा में अग्रसर है।

## न्यूज डायरी



### हरियाणवी उत्सव के रंगों में रंगा जीडी गोयनका

**रोहतक।** जीडी गोएंका इंटरनेशनल स्कूल में हरियाणा दिवस बड़े उत्साह, उमंग और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर इस अवसर पर हरियाणवी संस्कृति की जीवंत झलक से सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने सूरजकुंड मेला, तीज उत्सव, गूगा नवमी, गीता जयंती जैसी पारंपरिक झलकियों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे विद्यार्थियों ने लोकनृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत कर दिया। विद्यार्थियों ने अपने प्रदर्शन में हरियाणवी भाषा, खेती-किसानी, ग्रामीण जीवन और राज्य की मेहनती जनता की जीवनशैली पर विशेष प्रकाश डाला। विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. मनीषा मायना ने कहा कि हरियाणा दिवस हमें अपने गौरवशाली इतिहास, लोक परंपराओं और मेहनतकश जनजीवन की याद दिलाता है।



### द आर्यन ग्लोबल स्कूल में हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**रोहतक।** हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में द आर्यन ग्लोबल विद्यालय में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के मध्य अन्तः गृह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में अपने राज्य हरियाणा के इतिहास, भूगोल, संस्कृति, परंपराओं और प्रमुख व्यक्तित्वों के बारे में जानकारी बढ़ाना और उनमें राज्य के प्रति गर्व व जुड़ाव की भावना को प्रबल करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य आरके खन्ना के प्रेरणादायी संदेश से हुआ। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को हरियाणा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में ज्ञानवर्धन के साथ-साथ राज्य की गौरवशाली विरासत के प्रति सम्मान की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। प्रतियोगिता में सभी हाउसों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने न केवल अपने ज्ञान और त्वरित उत्तर देने की क्षमता का प्रदर्शन किया बल्कि हरियाणा से संबंधित रोचक तथ्यों पर भी चर्चा की।



### मॉडल स्कूल में मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

**रोहतक।** आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में एकता के लिए दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह दौड़ मानसरोवर पार्क से प्रारंभ होकर विद्यालय परिसर तक संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। विद्यार्थियों ने भाषणों और कविताओं के माध्यम से उनके जीवन, संघर्ष और देश की एकता में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्या डॉ. अरुणा तनेजा ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि वल्लभभाई पटेल का जीवन हमें एकजुट रहने का संदेश देता है। उन्होंने देश की आज़ादी के बाद सैकड़ों रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर सच्चे अर्थों में भारत की एकता को मजबूत किया।

# दीपक हुड्डा ने रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम को दिखाई हरी झंडी

- सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर महम में गूंजा एक भारत श्रेष्ठ भारत का नारा
- कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

राष्ट्रीय एकता दिवस एवं सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर महम में रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी रहे अर्जुन अवार्डी दीपक निवास हुड्डा ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की। दीपक निवास हुड्डा ने रन फॉर यूनिटी को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया। यह दौड पुराना बस स्टैण्ड महम से प्रारंभ होकर शहीद मुकेश पार्क पर सम्पन्न हुई। एसडीएम मुकुंद तंवर ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्र भारत के एकीकरण में अभूतपूर्व भूमिका निभाई है। उन्होंने देश की 565 से अधिक रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर आज के अखंड भारत की नींव रखी। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का विजन न केवल राजनीतिक एकता तक सीमित था, बल्कि उन्होंने प्रशासनिक एकता के लिए ऑल इंडिया सर्विसेज की परिकल्पना की जो आज भी भारत के शासन तंत्र की रीढ़ हैं।



**महम।** रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में दौड़ लगाते अर्जुन अवार्डी दीपक निवास हुड्डा, एसडीएम मुकुंद तंवर व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*



**महम।** कार्यक्रम रन फॉर यूनिटी में शामिल लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते भाजपा नेता अर्जुन अवार्डी दीपक निवास हुड्डा। *फोटो : हरिभूमि*

### राष्ट्र एकता के लिए किया प्रेरित

अर्जुन अवार्डी दीपक निवास हुड्डा ने अपने सम्बोधन में कहा कि रन फॉर यूनिटी का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता में विविधता की भावना को सशक्त बनाना तथा युवाओं को यह संदेश देना था कि हमारा देश भले ही अनेक भाषाओं, धर्मों और संस्कृतियों का संगम हो, लेकिन हमारी पहचान एक अखंड भारत के रूप में है। इस कार्यक्रम का उद्देष्य राष्ट्र की एकता, अखण्डता और समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। इस अवसर पर नगर पालिका के वाइस चेयरमैन बसंत लाल गिरधर, पार्षद मीना वाल्मीकि, ऋषि भारद्वाज, तहसीलदार रवि कुमार, बीडीपीओ लाखनमाजरा रोहन दहिया आदि मौजूद।

### एक सप्ताह से भराण गांव में पेयजल संकट

**महम।** पिछले एक सप्ताह से भराण गांव में पेयजल संकट गहराया हुआ है। गांव में पेयजल सप्लाई न होने से ग्रामीणों में जनस्वास्थ्य विभाग के प्रति गहरा रोष बना हुआ है। ग्रामीण समस्या के समाधान की मांग को लेकर जनस्वाथ्य विभाग के एसडीओ और कनिष्ठ अभियंता के पास फोन मिला रहे हैं, लेकिन वे ग्रामीणों के फोन नहीं उठा रहे। गांव में जल संकट गहराने से नाराज ग्रामीणों ने कहा है कि यदि जल्द गांव में पेयजल सप्लाई बहाल नहीं की गई तो गांव के लोग रोड जाम करने पर मजबूर हो जाएंगे। । लेकिन जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से बिजली की मोटर की मरम्मत नहीं करवाई जा सकी है। जिस वजह से गांव के लोगों परेशानी हो रही है।





### जीडी गोयनका टॉडलर हाउस में मनाया हरियाणा दिवस

**रोहतक।** जीडी गोयनका टॉडलर हाउस सनसिटी रोहतक में शुक्रवार को हरियाणा दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे विद्यार्थियों ने हरियाणवी संस्कृति की समृद्ध विरासत को प्रस्तुत करते हुए पारंपरिक लोक नृत्य, गीत और विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। छात्रों ने हरियाणा के गौरवशाली इतिहास, कला और परंपराओं को अपने मनमोहक अभिनय और रंग-बिरंगे परिधानों के माध्यम से जीवंत कर दिया। मंच पर छोटे-छोटे बच्चों की हरियाणवी पोशाक में झूमती प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनामिका बलहारा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को हरियाणा की पहचान और संस्कृति से परिचित कराना तथा उनके मन में राज्य के प्रति गौरव और आत्मीयता की भावना को विकसित करना था। उन्होंने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को हरियाणा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और राज्य के विकास में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

### सहीराम स्कूल महम में हर्षोल्लास से मनाई सरदार पटेल जयंती

**महम।** सहीराम स्कूल महम में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। उनकी जयंती और हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने 'रन फॉर यूनिटी' (एकता दौड़) में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और राष्ट्रीय एकता तथा अखंडता का संदेश दिया। बच्चों में जोश और उत्साह देखने लायक था। विद्यालय के निदेशक डॉ. प्रदीप भारद्वाज ने कहा कि सरदार पटेल जैसी महान विभूतियां हमें देश की एकता, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की सीख देती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने जीवन में परिश्रम, सच्चाई और एकता को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दूसरे चरण में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय प्रांगण में एक संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने हरियाणवी लोकनृत्य, गीत, कविताएं और भाषण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में हरियाणा की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और वीरता की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



**महम।** राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में भाग लेते सही राम स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### शाइनिंग स्टार्स स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई हैलोवीन पार्टी

**रोहतक।** शाइनिंग स्टार्स स्कूल में शुक्रवार को हैलोवीन पार्टी बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाई गई। बच्चों ने तरह-तरह की डरावनी और रचनात्मक पोशाकें पहनकर आकर्षक रैंप वॉक किया और अपनी अदाओं व प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। विद्यालय की कक्षाओं को विशेष थीम डेकोरेशन से सजाया गया था, जिससे पूरा परिसर उल्लास और आनंद से भर उठा। कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्रधानाचार्या ममता मलिक ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सामूहिकता की भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी विद्यार्थियों ने संगीत की धुनों पर नृत्य करते हुए उत्साहपूर्वक इस दिन का आनंद लिया। इस अवसर पर विद्यालय इंचार्ज कुसुम, रिचा कपूर, पायल शर्मा, पायल, सुमन, मोनिका, गीतिका, चारू, विशु, अनु, स्वाति, रितिका एवं मोनिका आर्य उपस्थित रहीं।



### शिक्षा भारती विद्यालय में साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम

**रोहतक।** शिक्षा भारती विद्यालय गोहाना रोड में विद्यार्थियों के लिए साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सदर थाना से आए पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में इंटरनेट का प्रयोग तेजी से बढ़ा है, लेकिन इसके साथ साइबर ठगी, फेक अकाउंट, ईमेल फ्रॉड और ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े अपराध भी बढ़ रहे हैं। इसलिए हर व्यक्ति को इंटरनेट का प्रयोग सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को संदिग्ध लिंक, कॉल या मैसेज पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने की सलाह दी। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने कहा कि सुरक्षित इंटरनेट उपयोग ही जिम्मेदार नागरिकता की पहचान है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष उद्योगपति करन विग, प्रबंधक राम चरण सिंगला, कोषाध्यक्ष एसके गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्या बीना कौशिक और डा. दिनेश मदान उपस्थित रहे।







### स्वामी नित्यानंद स्कूल में हरियाणा दिवस पर कार्यक्रम

**रोहतक।** स्वामी नित्यानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्राह्मणवास में शुक्रवार को हरियाणा दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या नीतिका मलिक, स्कूल प्रबंधक रश्मि देशवाल, उपप्रधानाचार्य अमित कुमार तथा सभी अध्यापकगणों ने दीप प्रज्वलित कर और हरियाणा राज्य गीत के साथ किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने हरियाणा की समृद्ध संस्कृति, लोकगीत, लोकनृत्य और पारंपरिक पहनावे को प्रदर्शित करते हुए सुंदर-सुंदर प्रस्तुतियां दीं। विशेष रूप से झोली, फग और घूमर नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। मंच पर बच्चों की प्रस्तुतियों से वातावरण हरियाणवी रंग में रंग गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को हरियाणा के गौरवशाली इतिहास, वीरता और प्रगति के बारे में जानकारी दी तथा राज्य के गठन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्या नीतिका मलिक ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि "हम सभी को हरियाणा की संस्कृति और परंपराओं को संजोकर रखना चाहिए।

### एमडीयू में रन फॉर इंडिया रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर खादी ग्रामोद्योग, भारत सरकार के सहयोग से रन फॉर इंडिया, रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्वदेशी अपनाने और राष्ट्रीय एकता व अखंडता के मूल्यों को सशक्त करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खादी ग्रामोद्योग आयोग के चेयरमैन मनोज कुमार ने कहा कि सरदार पटेल केवल सरदार ही नहीं, बल्कि असरदार भी थे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के सपने को साकार करने में अपनी भूमिका निभाएं। स्वदेशी अपनाना ही सच्चा राष्ट्र धर्म है। खादी अब सिर्फ वस्त्र नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा का प्रतीक बन चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों ने खादी को नई पहचान दी है। अब खादी उत्पादों पर जीएसटी शून्य कर दिया गया है, जिससे कारीगरों को सीधा लाभ मिलेगा।



**रोहतक।** रेस को झंडा दिखाकर रवाना करते मुख्य अतिथि खादी ग्रामोद्योग आयोग के चेयरमैन मनोज कुमार।

श्रद्धांजलि सभा



श्रीमती निर्मल आहूजा
19.11.1935—30.10.2025

आप सब को बड़े दुख के साथ सूचित किया जाता है हमारी माता जी श्रीमती निर्मल आहूजा का 30.10.2025 को स्वर्गवास हो गया है।
उनकी आत्मा की शांति के दि. 01.11.2025 (शनिवार को) दोपहर 1.30 से 3.00 बजे श्रद्धांजलि सभा सम्पन्न होगी।

स्थान : डेरा बाबा लक्ष्मण पुरी गौकरण तालाब, रोहतक

शोकाकुल परिवार
डॉ मारकण्डेय आहूजा (पूर्व कुलपति एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ)
डॉ अंजू आहूजा (स्त्री रोग विशेषज्ञ)

- श्रीमति सविता आहूजा
- श्री संजय आहूजा
- श्रीमति संगीता आहूजा
- डॉ अमोदिता व डॉ अभिनव वत्स
- डॉ अमोद व डॉ मधुरा
- अराधिका, रवि व कर्ण
- अक्षिता व अक्षित

जग्गा, आहूजा, गिरधर, शर्मा व समुद्र परिवार
विजन आई क्लीनिक
2481 सैक्टर-1, रोहतक
मो. 9896553294, 9896553295, 9896553296

## खबर संक्षेप



### महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में प्रेरक व्याख्यान

**रोहतक।** शहीद राय सिंह राजकीय महाविद्यालय सांपला में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक प्रेरक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक एवं पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. सोनिया मलिक रहीं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परम भूषण आर्य ने डॉ. मलिक का महाविद्यालय आगमन पर स्वागत किया। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. आशा तथा वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अंकिता बेनीवाल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का सम्मान किया। डॉ. सोनिया मलिक ने विद्यार्थियों को जीवन में सकारात्मक सोच और मानसिक सुदृढ़ता बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने अब्राहम लिंकन, बराक ओबामा और मार्टिन लूथर किंग जूनियर जैसी महान हस्तियों के जीवन प्रसंगों के माध्यम से यह बताया कि कठिनाइयां सफलता की सीढ़िया हैं।

### एमपी लोक सेवा आयोग की परीक्षा में पाई सफलता

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व छात्र हेमंत वत्स ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की है। उन्होंने सहायक प्रोफेसर (अर्थशास्त्र)पद के लिए चयन सूची में तीसरा स्थान हासिल किया है। अपनी सफलता की खुशी साझा करने के लिए हेमन्त वत्स विभाग में पहुंचे उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन और सतत परिश्रम को दिया।



### राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिस ने ली एकता की शपथ

**रोहतक।** देश के प्रथम गृह मंत्री और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पुलिस द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में उपस्थित अधिकारियों व जवानों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा की शपथ दिलाई। एसपी भौरिया ने सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भारत की एकता और अखंडता को सशक्त बनाने में उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति के लिए वहां के नागरिकों में भाईचारा, एकजुटता और ईमानदारी सबसे आवश्यक है। एसपी ने कहा कि आज़ादी के समय भारत में 562 रियासतें थीं जिन्हें सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी दूरदर्शिता, दृढ़ इच्छाशक्ति और अथक प्रयासों से एक राष्ट्र के रूप में जोड़ा।



### गोबर बहाने पर जुर्माना के साथ डेयरी की जाएगी सील

**रोहतक।** नगर निगम द्वारा शुक्रवार को गांधी कैम्प क्षेत्र में चल रही डेयरियों के स्थानांतरण से संबंधित विषय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में निगम के अधिकारी एवं गांधी कैम्प क्षेत्र के डेयरी संचालक उपस्थित रहे। आयुक्त डॉ आनंद शर्मा ने कहा कि शहर की स्वच्छता और नागरिकों के स्वास्थ्य की दृष्टि से रिहायशी क्षेत्रों में डेयरियों का संचालन अत्यंत हानिकारक है। इन डेयरियों से निकलने वाली गंदगी, गोबर और अपशिष्ट जल से न केवल बदबू फैलती है बल्कि बीमारियों के फैलने की आशंका भी बनी रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए निगम द्वारा डेयरियों के लिए अलग से कन्हेली डेयरी कॉम्पलेक्स का निर्माण किया गया है।

**प्रदूषण सांसों पर भारी : पीजीआईएमएस में बढ़े दमा और आंखों के मरीज**

# शहर की हवा और हुई जहरीली एक्यूआई 360 के पार पहुंचा

**हवा में पीएम 10 और पीएम 2.5 धूलकणों की मात्रा खतरनाक स्तर तक बढ़ चुकी**

*दीपावली के बाद से रोहतक की हवा में जहर घुलता जा रहा है। वातावरण के दूषित होने का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर दिखाई देने लगा है। शहर का वायु गुणवत्ता एक्यूआई शुक्रवार को 361 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दीपावली के बाद से रोहतक की हवा में जहर घुलता जा रहा है। पटाखों के धुएं और सड़कों पर उड़ती महीन धूल ने वातावरण को इतना प्रदूषित कर दिया है कि अब इसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर दिखाई देने लगा है। शहर का वायु गुणवत्ता एक्यूआई शुक्रवार को 361 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। इसके चलते अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, आंखों के संक्रमण और एलर्जी के मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। हालांकि देर रात एक्यूआई 173 दर्ज किया गया है।



### प्रदूषण से सांस की नलियों में पैदा हो जाती है सूजन

पीजीआईएमएस में रोजाना 70 से अधिक अस्थमा और सांस की समस्या वाले मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। कई मरीजों को नेबुलाइजर और ऑक्सीजन सपोर्ट की जरूरत पड़ी। चिकित्सकों ने बताया कि वायु प्रदूषण में मौजूद धूल, धुआं और गैसीय तत्व सांस की नलियों में सूजन पैदा करते हैं, जिससे सांस लेना कठिन हो जाता है। शुक्रवार को पीजीआई के नेत्र विभाग में भी आंखों में जलन, खुजली और संक्रमण के कई मामले सामने आए। एक मरीज की हालत गंभीर होने पर उसे भर्ती किया गया, जिसका ऑपरेशन किया जाएगा। डॉक्टरों का कहना है कि प्रदूषण के कारण कॉर्निया (आंख की सतह) पर दाग या संक्रमण हो सकता है, जिससे दृष्टि धुंधली होने जैसी समस्या उत्पन्न होती है।

### हर साल दोहराई जाने वाली समस्या

पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि दीपावली के बाद हर साल वायु प्रदूषण में खतरनाक बढ़ोतरी देखने को मिलती है। पटाखों का धुआं, पराली जलाना और सर्द मौसम में हवा का स्थिर होना मिलकर स्थिति को और गंभीर बना देता है। यह न केवल अस्थमा और एलर्जी जैसी बीमारियों को बढ़ावा देता है बल्कि लंबे समय में हृदय रोग, फेफड़ों के कैंसर और मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डाल सकता है।

### वायु प्रदूषण फेफड़ों में जाकर नुकसान पहुंचा रहा

पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार, जब हवा में पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे महीन कणों का स्तर बढ़ जाता है, तो यह सीधे फेफड़ों में जाकर नुकसान पहुंचाते हैं। रोहतक में दीपावली के बाद से हवा की गुणवत्ता लगातार गिर रही है। शुक्रवार को एक्यूआई 361 दर्ज किया गया, जबकि यह सामान्य दिनों में 50 से नीचे रहना चाहिए

### धूप का चश्मा पहनें, दिन में ठंडे पानी से आंखें धोएं

आंखों पर प्रदूषण का असर सबसे पहले नेत्र रोग विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदूषण का सबसे जल्दी असर आंखों पर पड़ता है। धूल और गैसों के कारण आंखों की सतह में सूजन, जलन, खुजली और संक्रमण होता है। डॉक्टरों ने लोगों को सलाह दी है कि वे धूप का चश्मा पहनें, दिन में कई बार ठंडे पानी से आंखें धोएं और किसी भी प्रकार की दवा स्वयं डालने की बजाय विशेषज्ञ से सलाह लें।

### अस्थमा और दिल के मरीज रहें सतर्कः डॉक्टर

पीजीआई के पल्मोनरी विभाग के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि प्रदूषण का असर सबसे पहले उन लोगों पर पड़ता है जिनके फेफड़े या हृदय पहले से कमजोर हैं। अस्थमा, एलर्जी, सीओपीडी और हृदय रोगियों को इस मौसम में विशेष सावधानी रखनी चाहिए। डॉक्टरों ने सलाह दी कि लोग सुबह और शाम के समय बाहर निकलने से बचें।

### सांस की नलियां सिकुड़ जाती हैं और सूजन आ जाती

अस्थमा यानी दमा एक ऐसी स्थिति है जिसमें सांस की नलियां सिकुड़ जाती हैं और उनमें सूजन आ जाती है। हवा में मौजूद पीएम 2.5 जैसे सूक्ष्म कण सांस के साथ शरीर में प्रवेश कर फेफड़ों की भीतरी दीवारों को नुकसान पहुंचाते हैं। इससे बलगम जमा हो जाता है और मरीज को खांसी, सांस फूलना और सीने में जकड़न जैसी समस्या होती है। इसके अलावा, ठंड बढ़ने के साथ वायरल संक्रमण भी तेजी से फैलता है, जो अस्थमा के मरीजों की स्थिति को और बिगाड़ देता है।

### सावधानी ही बचाव

- चिकित्सकों ने प्रदूषण से बचाव के लिए बरते सावधानी
- घर से बाहर निकलते समय एन-95 मास्क जरूर पहनें।
- घरों में वेंटिलेशन बनाए रखें, लेकिन हवा में धूल अधिक होने पर खिड़कियां बंद रखें।
- खान-पान में सूप, काढ़ा, हल्दी वाला दूध जैसी गर्म चीजें शामिल करें ताकि प्रतिरोधक क्षमता बनी रहे।
- ठंडी चीजें, कोल्ड ड्रिंक और फ्रिज का ठंडा पानी पीने से बचें।
- बच्चों और बुजुर्गों को प्रदूषित वातावरण से दूर रखें।
- खट्टी या अचार वाली चीजों का सेवन सीमित करें, क्योंकि ये गले में जलन बढ़ा सकती हैं।

# पीजीआई के अधिकारी मृत्यु प्रमाण पत्र की त्रुटि को शीघ्र करवाए दुरुस्तः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्थानीय शिवाजी कॉलोनी निवासी रजनी बाला की शिकायत के संदर्भ में विश्वविद्यालय द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण पत्र में दर्ज त्रुटि को शीघ्र दुरुस्त करवाए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ऐसे सर्टिफिकेट जारी करते समय सावधानी बरतें ताकि किसी भी नागरिक को असुविधा न हो। सचिन गुप्ता जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में महम के विधायक बलराम दांगी, नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा सहित प्रशासनिक उच्चाधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने शिकायत की सुनवाई के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा अब तक जारी किए गए सर्टिफिकेट की जांच के लिए अतिरिक्त उपायुक्त, एएसपी तथा विश्वविद्यालय के निदेशक की समिति गठित करने के निर्देश दिए। विश्वविद्यालय द्वारा सर्टिफिकेट जारी करते समय सावधानी बरती जायें ताकि लोगों को परेशानी न हो।



**रोहतक।** जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटोः हरिभूमि



### एमडीयू फार्मास्यूटिकल साइंसेज़ विभाग में स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के फार्मास्यूटिकल साइंसेज विभाग में आज विभाग के फन क्लब और डिबेट क्लब के तत्वावधान में विद्यार्थियों की रचनात्मक और बौद्धिक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने हेतु विविध क्लब गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तीन समानांतर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग और डिबेट प्रतियोगिता। स्लोगन राइटिंग में 24 विद्यार्थियों ने भाग लेकर फार्मास्यूटिकल एथिक्स, हेल्थ लिटरेसी और कम्युनिटी सर्विस जैसे विषयों पर सार्थक संदेशों को प्रभावशाली पंक्तियों में प्रस्तुत किया। पोस्टर मेकिंग में 15 प्रतिभागियों ने सेफ मेडिकेशन यूज़, ड्रग डिस्कवरी और पब्लिक हेल्थ जैसे विषयों पर आकर्षक पोस्टर तैयार किए। डिबेट प्रतियोगिता में 6 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और समसामयिक विषयों जेनेरिक बनाम ब्रांडेड मेडिसिन्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वरदान या अभिशाप लाभ अधिक या हानि पर तार्किक और प्रभावशाली विचार रखे। विद्यार्थियों की सहभागिता, तर्कशक्ति और मौलिकता ने आयोजन को जीवंत बना

# गुजरात से लौट रहे कारोबारी का सामान, नकदी और आभूषण चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

गुजरात का एक कारोबारी गत दिवस एक ऑटो में सवार होकर महम से अपने पैतृक गांव फरमाणा जा रहा था। इस दौरान किसी ने उसके बैग से नकदी व आभूषण चोरी कर लिए। इस संबंध में फरमाणा गांव निवासी रमेश शर्मा ने बताया कि काफी समय से वह गुजरात के बड़ोदरा में अपना कारोबार कर रहा है। वह परिवार के साथ वहीं पर रहता है। गत दिवस वह अपनी पत्नी सहित अपने गांव फरमाणा जा रहा था। बस से महम उतरने के बाद उन्होंने गांव फरमाणा गांव में जाने वाला ऑटो पकड़ा। उनके पास दो बैग थे। दोनों बैगों को ऑटो में रख दिया। ऑटो कुछ देरी में चली। जब वे गांव में पहुंचे तथा उन्होंने दोनों बैगों को संभाला तो एक बैग से सामान निकला हुआ मिला। उसमें से उनकी एक सोने की चैन दो तोला, एक मोबाइल तथा 54 हजार की राशि गायब मिली। उन्होंने मोबाइल पर जब घंटी मारी तो महम के एक रेहड़ी वाले ने फोन को उठाया।



वारदात की जानकारी देता कारोबारी रमेश शर्मा।

# नशा तस्कर गिरफ्तार 9.41 ग्राम हेरोइन बरामद

**रोहतक।** हरियाणा को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो लगातार सख्त कदम उठा रहा है। इसी क्रम में ब्यूरो की रोहतक यूनिट ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए कच्ची गढ़ी मोहल्ला से एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 9.41 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद की गई है। ब्यूरो प्रमुख एवं महानिदेशक ओपी सिंह के दिशा-निर्देशों के तहत पूरे प्रदेश में नशा तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है, ताकि नशे के नेटवर्क की जड़ों को समाप्त किया जा सके। यूनिट प्रभारी निरीक्षक राकेश ने जानकारी दी कि यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के नेतृत्व तथा उप पुलिस अधीक्षक जगजीत सिंह के निर्देशन में की गई। नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए गश्त के दौरान दीपक और उनकी टीम सिटी थाना क्षेत्र में पुराना बस स्टैंड के पास मौजूद थी, तभी उन्हें गुप्त सूचना मिली कि कच्ची गढ़ी मोहल्ला में नशे का धंधा किया जा रहा है। टीम ने संदिग्ध को काबू किया।



### इनेलो का धरना 3 नवंबर को रोहतक में

**रोहतक।** प्रदेश की मौजूदा भाजपा सरकार की और से किसानों के प्रति उदासीन रवैया रखकर किसानों को आर्थिक चपत लगाने मुद्दों को लेकर इनेलो पार्टी अब सड़कों पर किसानों की लड़ाई लड़ेगी और इसी के तहत तीन नवंबर को इनेलो सुप्रीमो चौधरी अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में रोहतक में सरकार के खिलाफ विशाल रोष प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी इनेलो के जिला अध्यक्ष डॉ. नफे सिंह लाहली व मीडिया प्रभारी कृष्ण कौशिक ने दी। उन्होंने बताया कि आज देश का अन्नदाता पूरी तरह से भाजपा सरकार से परेशान है। उन्होंने कहा कि ना तो समय पर किसानों की फसल खरीदी जा रही है और ना ही खेतों से पानी निकासी का कोई प्रबंध किया गया है। डीएपी खाद को प्राइवेट एजेंसियों द्वारा महंगे दामों पर किसानों को बेचा रहा है।

**अच्छी पहल** | **ओवरब्रिज का प्रयोग नहीं करने वालों पर होगी सख्ती**

# यात्रियों की सुरक्षा पर रेलवे का फोकस अब ट्रैक के किनारे लगेगी फेंसिंग

**यात्री जल्दबाजी में ओवरब्रिज का उपयोग करने के बजाय सीधे पटरियों को करते हैं पार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रेलवे यात्रियों की सुरक्षा को लेकर अब और अधिक सतर्क हो गया है। यात्रियों के बार बार ट्रैक पार करते समय हो रहे हादसों के मामलों को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने सख्त कदम उठाने की तैयारी की है। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्टेशन परिसरों में अब ट्रैक के दोनों ओर फेंसिंग (लोहे की जाली या दीवार) लगाने की योजना बनाई जा रही है, ताकि कोई भी यात्री सीधे ट्रैक पार कर दूसरे प्लेटफॉर्म तक न पहुंच सके। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि अधिकांश यात्री जल्दबाजी में ओवरब्रिज या अंडरपास का उपयोग करने के बजाय सीधे पटरियों को पार कर लेते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि जानलेवा भी साबित हो रही है। पिछले कुछ महीनों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें ट्रेन की चपेट में आने से लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। यही वजह है कि रेलवे अब सख्त कदम उठाने जा रहा है। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्मों को जोड़ने वाले ओवरब्रिज यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं। लेकिन फिर भी बड़ी संख्या में यात्री लापरवाही दिखाते हुए पटरियों को पार करते हैं। कई बार ट्रेन के आने-जाने के बीच कुछ सेकंड की बचत के चक्कर में बड़ी दुर्घटनाएं हो जाती हैं। इसी खतरे को खत्म करने के लिए अब रेलवे फेंसिंग लगाने के साथ-साथ निगरानी कैमरे भी बढ़ाने की योजना बना रहा है। इसके अलावा रेलवे पुलिस और सुरक्षा कर्मियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे ऐसे यात्रियों को चिन्हित करें जो नियमों का उल्लंघन करते हुए ट्रैक पार करते हैं। कई जगहों पर जुर्माने की भी व्यवस्था की जा रही है, ताकि यात्रियों में अनुशासन और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।



### यात्रियों की सुरक्षा के लिए लगाई जाएगी

यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए यह जरूरी हो गया है। जल्द ही फेंसिंग लाइन लगवाने का कार्य शुरू किया जाएगा। यात्रियों को जागरूक और समझाने के बाद भी वह नहीं समझते वह बिना ओवरब्रिज के ही रेलवे ट्रैक पार करते हैं। ऐसे में बहुत बार हादसे तक हो चुके है। इन्हें हादसों को रोकने के लिए यह फेंसिंग लाइन लगवाई जाएगी। **-बलराम मीणा,** स्टेशन अधीक्षक, रेलवे

## न्यूज डायरी

### आर्यन पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर दौड़ का आयोजन किया



**रोहतक।** लाखन माजरा स्थित द आर्यन पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता के लिए दौड़ का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस प्रशासन के सहयोग से सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को समर्पित रहा। दौड़ का शुभारंभ विद्यालय की डायरेक्टर अनीता सिंह, प्रबंधन समिति अध्यक्ष तेजेन्द्र आर्य तथा प्राचार्या निशा मोंगा ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स, विद्यार्थी और शिक्षक लगभग 3 किलोमीटर की दूरी तक दौड़े। विशेष बात यह रही कि सरदार पटेल द्वारा 565 रियासतों के एकीकरण की स्मृति में कुल 565 प्रतिभागियों ने इस दौड़ में भाग लिया। जिनमें 500 विद्यार्थी, 45 एनसीसी कैडेट्स और 20 शिक्षक शामिल रहे। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई और सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र पहले की भावना को अपनाने का संदेश दिया गया। विद्यालय की प्राचार्या निशा मोंगा ने कहा कि लौह पुरुष सरदार पटेल ने हमें सिखाया कि एकता और अनुशासन ही देश की सच्ची शक्ति है।

### जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में धूमधाम से मनाया गया हरियाणा दिवस और राष्ट्रीय एकता दिवस




**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में हरियाणा दिवस और राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत भाषण, कविता, प्रश्नोत्तरी, नाटिका और हरियाणवी लोकनृत्य में हरियाणवी संस्कृति की झलक दिखाई दी, जिसने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के तहत रन फॉर यूनिटी का भी आयोजन किया गया, जो लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को समर्पित था। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने देश की एकता, अखंडता और सहयोग की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। प्राचार्या डॉ. ममता मलिक ने विद्यार्थियों को हरियाणा के गौरवशाली इतिहास, भाषा और सांस्कृतिक धरोहर के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि राज्य की प्रगति और एकता तभी संभव है जब हम सभी अपनी संस्कृति, मेहनत और ईमानदारी को जीवन में अपनाएं। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर सुरेंद्र मलिक, उप-प्रधानाचार्या मशेंका, रुचि, वीरेंद्र, रेशमा, रितु, किरण, सीमा शर्मा, रवनीत, विन्नी, दीपमाला, कीर्ति, विनीता, कृष्णा, जयदीप, भारत मौजूद रहे।

### फुटपाथ पर छोड़े गए मासूम को पुलिस ने पहुंचाया सुरक्षित ठिकाने तक




**रोहतक।** सोनीपत के सेक्टर-29 क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब लोगों ने एक तीन से चार माह के शिशु को फुटपाथ पर अकेला छोड़ा हुआ पाया। स्थानीय लोगों ने तुरंत इस घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मानवीय संवेदना दिखाते हुए बच्चे को तुरंत सामान्य अस्पताल सोनीपत में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टरों द्वारा बच्चे की प्राथमिक जांच की गई। इसके बाद सोनीपत बाल कल्याण समिति ने सभी औपचारिकताएं पूरी करते हुए बच्चे को बाल कल्याण समिति के माध्यम से दत्तक ग्रहण एजेंसी चौ. लखीराम आर्य जगन्नाथ आश्रम भेजने की व्यवस्था की। आश्रम के प्रबंधक संदीप ने बताया कि बच्चे का सामान्य अस्पताल रोहतक में विस्तृत मेडिकल चेकअप कराया गया, जिसमें बच्चा पूर्णतया स्वस्थ पाया गया। इस समय जगन्नाथ आश्रम में कुल 7 बच्चे निवास कर रहे हैं, जिनकी देखभाल संस्था द्वारा पूरी जिम्मेदारी के साथ की जा रही है। पुलिस एवं बाल कल्याण समिति की तत्परता से यह मासूम अब सुरक्षित हाथों में है और शीघ्र ही दत्तक ग्रहण प्रक्रिया के तहत एक नए परिवार को मिल सकेगा।

### एचडी स्कूल खेड़ी के बच्चों ने नाटक मंचन में दिखाई हरियाणवी संस्कृति की झलक




**महम।** एचडी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल खेड़ी महम में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालय के नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा हरियाणा संस्कृति पर आयोजित नाटक विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। बच्चों ने मंच पर हरियाणवीं संस्कृति की झलक दिखाई। स्कूल प्राचार्या शालिनी गुप्ता ने बताया कि इस मौके पर बच्चों ने विभिन्न कविताओं, भाषणों, एकल नृत्य व समूह नृत्यों के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति व परंपराओं से सभी को अवगत करवाया। इस अवसर पर उपप्राचार्या इंदु नहरा ने बताया कि विद्यालय के प्रांगण में कक्षा नर्सरी से दूसरी के बच्चों के लिए दोहा वाचन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने बड़े उत्साह व जोश के साथ भाग लिया। वहीं कक्षा तीसरी से पांचवी के बच्चों के मध्य मेरा परिचय एक्टिविटी आयोजित की गई। इस मौके पर स्कूल निदेशक कुलवंत नहरा ने अपने संबोधन में सभी को हरियाणा डे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरियाणा सदैव वीरों व मेहनतकश लोगों की धरती रही है। उन्होंने बच्चों को हरियाणा के गौरवशाली इतिहास की स्वर्णिम आभा को अपने कर्मों से चमत्कृत करने के लिए भी प्रेरित किया। इस मौके पर स्कूल सचिव संजीव छिल्लर समेत विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### सीआर पॉलिटेक्निक रोहतक ने इंटर पॉलिटेक्निक बास्केटबॉल प्रतियोगिता में जीता रजत पदक



**रोहतक।** राजकीय पॉलिटेक्निक, हिसार में आयोजित इंटर पॉलिटेक्निक बास्केटबॉल प्रतियोगिता का समापन वीरवार को हुआ, जिसमें छोटूराम पॉलिटेक्निक रोहतक की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में सीआर पॉलिटेक्निक की टीम ने जबरदस्त संघर्ष किया और 63-62 के स्कोर से दूसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता में हिसार, लिसाना, डामला और आदमपुर सहित कई पॉलिटेक्निक संस्थानों ने भाग लिया। टीम के कॉलेज लौटने पर प्राचार्य डॉ. सतेन्द्र पावड़िया और विभागाध्यक्षों ने खिलाड़ियों का फूल मालाओं से स्वागत किया। डॉ. पावड़िया ने कहा कि खेल न केवल जीतने का माध्यम है, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास और बेहतर व्यक्तित्व निर्माण का जरिया भी है। स्पोर्ट्स कमेटी के प्रधान डॉ. सुखबीर किन्हा ने कहा कि टीमवर्क और मेहनत से ही सफलता संभव है।

### पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी के सेवानिवृत पर दी भाव भीनी विदाई

**रोहतक।** पुलिस में कार्यरत 5 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में उप पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह ने पुलिस लाईन में सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों-कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य व स्वास्थ्य की कामना करते हुए सेवानिवृत्त हुए निरीक्षक अनुप सिंह, हॉनरेरी निरीक्षक जयपाल, हॉनरेरी निरीक्षक धर्मेन्द्, स.उप.नि. महावीर व चतुर्थ श्रेणी कर्मी प्रीतम सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया है। उप पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों ने अपने जीवन के सबसे कीमती समय पुलिस विभाग को समर्पित किया है। पुलिस विभाग उनका हमेशा ऋणी रहेगा। पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों ने पुलिस विभाग में विभिन्न पदों पर रहकर कर्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी से अपना कार्य किया है। पुलिस विभाग की नौकरी कठिन नौकरियों में से एक है। जवान के साथ-2 परिवार को भी संघर्ष करना पड़ता है। पुलिस विभाग में सम्मान पूर्वक सेवानिवृत्त होना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है।